**Regarding issues pertaining to farmers of Bundelkhand**

श्री अजेन्द्र सिंह लोधी **(**हमीरपुर**) :** धन्यवाद सभापति महोदया । मैं परमपूज्य स्वामी ब्रह्मानंद जी की तपोभूमि हमीरपुर-महबो-छिंदवारी की ओर आपका ध्यान आकर्षित कराना चाहता हूं कि बढ़ती हुई महंगाई के कारण किसानों की खाद और बीज के लिए काफी लंबी लाइनें लगी रहती हैं । बुंदेलखंड में किसानों की बुआई के समय आठ-आठ दिन तक खाद उपलब्ध नहीं हो पाता है । जब फसल आती है तो मूंगफली की खरीद पर किसानों से अवैध 1500 से 1700 रुपये प्रति किसान से कमिशन लिया गया है तब उन किसानों की मूंगफली एमएसपी पर तौली गयी है ।

तब उस किसान की मूंगफली एमएसपी पर तौली गई है और वर्तमान समय में गेहूं की फसल आ चुकी है, तो मूंगफली की तरह आज भी यही व्यवहार किसानों के साथ हो रहा है । उनसे अनावश्यक कंडीशन के तौर, सिफारिशों के तौर पर उनके गेहूं की तौल कराई जा रही है । मेरी आपसे विनती है कि हमारे बुंदेलखंड के किसानों को इस अनावश्यक कंडीशन से बचा लिया जाए ।